# 4 .75 लाख करोड़ का आंकड़ा पार करेगा बजट

## वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर सीएम के सामने दिया गया प्रजेंटेशन




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 फरवरी. वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार का बजट 4 लाख 75 हजार करोड़ रुपए के आंकड़ को पार कर सकता है. बजट में पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 15 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है.**

वहीं, राजकोषीय घाटे को सरकार 4.50 फीसदी के दायरे में लाने की कोशिश करेगी. राज्य सरकार का बजट 18 फरवरी को विधानसभा में पेश होगा. इससे एक दिन पहले मप्र का आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश होगा. नए वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर मंगलवार को मंत्रालय में पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने प्रेजेंटेशन दिया गया, बाद में पूरी कैबिनेट के सामने अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन दिया. ये प्रजेंटेशन लगभग एक घंटे तक चला. इस दौरान सभी विभागों से जुड़ी प्रावधानों के बारे में बताया गया. मौजूदा वित्तीय वर्ष का बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का है. इस हिसाब से देखें तो नये बजट में कम से कम 54 हजार करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी होगी. बजट में सबसे अधिक राशि का प्रावधान यदि किसी एक योजना के लिए होगा तो वह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना होगा, जिसके लिए इस बार राज्य सरकार 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान करेगी. इसी तरह एक बार फिर जल जीवन मिशन के लिए भारी-भरकम राशि का इंतजाम करने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार के कंधे पर होगी, ये इसलिए कि अब तक केंद्र सरकार ने मिशन के तहत हुए कामों का 8 हजार करोड़ रुपए का बकाया केंद्र सरकार से नहीं मिला है.

> हांलाकि राज्य सरकार इस मामले में केंद्र से लगातार संवाद बनाए हुए है. बजट प्रेजेंटेशन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास तथा कल्याण का ध्यान रखा गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बजट प्रस्तावों को वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर बताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के दृष्टिकोण तथा प्रस्ताव तैयार करने में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किए गए परिश्रम की सराहना की.

# संगठन को मजबूत करने का आह्वान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को संगठन सृजन अभियान के तहत राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा में आयोजित पंचायत/वार्ड कमेटी सम्मेलन को संबोधित किया.**



उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करने का आह्वान किया. कांग्रेसजनों से संवाद करते हुए पटवारी ने आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि कांग्रेस पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करेगी. उन्होंने कहा कि केवल मजबूत, अनुशासित और जमीनी स्तर से जुड़ा संगठन ही सत्तारूढ़ पार्टी को प्रभावी चुनौती दे सकता है.

सम्मेलन को प्रदेश संगठन सचिव संजय कामले, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी तथा राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भी संबोधित किया.

> कार्यक्रम में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह, शाजापुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश्वर सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, बापू सिंह तंवर, हजारीलाल मालवीय, हेमराज कल्पोनी और कृष्ण मोहन मालवीय सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में भाग लिया. मीडिया से चर्चा के दौरान पटवारी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय दबाव में सरकार ने भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ एक व्यापार समझौता किया है.



# दिन में धूप और रात में ठंड

**भोपाल, 10 फरवरी. राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में मंगलवार का मौसम साफ और हल्का गर्म बना रहा. दिन में तेज धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि सुबह और रात के समय हल्की ठंड का असर बना रहा.**

मौसम विभाग के अनुसार आज शहर का अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान लगभग 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया. वहीं पिछले चौबीस घंटों में सभी संभागों में बारिश या विशेष मौसम परिवर्तन दर्ज नहीं हुआ. ग्वालियर और चंबल संभाग में अधिकतम तापमान लगभग दो से ढाई डिग्री तक बढ़ा, जबकि अन्य संभागों में तापमान सामान्य रहा. साथ ही उज्जैन और ग्वालियर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग डेढ़ डिग्री अधिक दर्ज किया गया.

न्यूनतम तापमान उज्जैन संभाग में करीब 4 डिग्री तक बढ़ा जबकि अन्य क्षेत्रों में खास बदलाव नहीं हुआ. चंबल संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग 2 डिग्री अधिक रहा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फरवरी के महीने राजधानी में दिन गर्म और रात ठंडी रहने का ट्रांजिशन पीरियड चल रहा है. हाल के दिनों में भी दिन का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है.

### कल और आसपास के क्षेत्रों का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार भोपाल समेत मध्य प्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, ग्वालियर सहित कई हिस्सों में अगले 24 घंटे मौसम में दिन में तेज धूप, रात में हल्की ठंड महसूस हो सकती है. कुछ क्षेत्रों में हल्की ठंडी हवा चलने की संभावना भी है. वहीं आने वाले दिनों में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है. सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान लगभग 30 से 33 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 16 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है.

# निकाय और पंचायत चुनाव में आईटी का बेहतर उपयोग करेगा आयोग

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 फरवरी. मप्र राज्य निर्वाचन आयोग आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन-2027 में सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग करेगा. इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने में मदद मिलेगी.**

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने मंगलवार को इस कार्य की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी करें. बैठक में केन्द्र सरकार की संस्था एनआईसीएसआई के प्रतिनिधि ने स्थानीय निर्वाचन में मतदाता, मतदान, ट्रेकिंग टूल, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक एवं एआई. आधारित मतदाता सूची एवं मतदाता सत्यापन सहित अन्य सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया. उन्होंने आयोग के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की निर्वाचन प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग से कुछ अलग है. इसलिए इसे ध्यान में रखकर ऐप बनायें.

# दो और जिंदगियां बुझीं, आंकड़ा पहुंचा 35





**75** साल के बुजुर्ग ने 40 दिन तक किया मौत से संघर्ष

**02** साल की मासूम की लिवर तक बिगड़ी हालत

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 10 फरवरी. भागीरथपुरा में गंदे और दूषित पानी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा. सोमवार रात एक बुजुर्ग और मंगलवार सुबह एक मासूम बच्ची की मौत के साथ इस त्रासदी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 35 तक पहुंच गई है.**

जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश दोनों चरम पर हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात 75 वर्षीय शालिग्राम ठाकुर ने बॉम्बे हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया था, परिजनों ने बताया कि 2 जनवरी को उल्टी-दस्त की गंभीर हालत में उन्हें पहले शेल्बी अस्पताल और फिर बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया था, जहां वे लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहे, करीब 12 दिन पहले छुट्टी मिलने के बाद घर लौटे थे, लेकिन हालत फिर बिगड़ती चली गई.

> शालिग्राम की बेटी मोना बघेल का कहना है कि उनके पिता को वर्षों पहले लकवा जरूर हुआ था, लेकिन इसके अलावा कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. अचानक उल्टी-दस्त के बाद से ही तबीयत बिगड़ी और वे संभल नहीं सके. वहीं अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि मरीज को पहले से हृदय संबंधी समस्या थी. इधर मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे दो साल की मासूम रिया ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. परिजन बताते हैं कि 27 दिसंबर को उल्टी-दस्त से बीमार होने पर उसे निजी अस्पताल में दिखाया था, जहां कुछ सुधार हुआ, लेकिन बाद में हालत फिर बिगड़ गई. करीब 15 दिन पहले बच्ची को नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने लिवर से जुड़ी गंभीर परेशानी बताई. बाद में सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल रेफर किया गया, लेकिन जान नहीं बच सकी. परिजनों का सीधा आरोप है कि इलाके में आ रहा दूषित पानी ही बीमारी की जड़ है, जिसने मासूम के शरीर को अंदर तक खोखला कर दिया.

# अधिकारी की ईडी ने की संपत्ति अटैच

## निगम के राजस्व अधिकारी परमार पर हुई कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी की ईडी ने संपत्ति अटैच करने की कारवाई की है. निगम अधिकारी के खिलाफ एक साल पहले आर्थिक अपराध शाखा में प्रकरण दर्ज हो चुका है. बताया जा रहा है कि ईडी ने मनी लांड्रिंग की धारा में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है.**



1 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति की अटैच

पहले ईओडब्ल्यू ने की थी कार्रवाई

नगर निगम के झोन 16 पर पदस्थ रहे सहायक राजस्व अधिकारी राजेश परमार की प्रवर्तन निदेशालय ने 1 करोड़ 6 लाख की संपत्ति अटैच करने की कारवाई की है. परमार के खिलाफ पिछले साल आर्थिक अपराध शाखा ने भी भ्रष्टाचार का प्रकरण बनाया था, जिसमें उनको नौकरी से कुल आय 40 लाख रुपए बनती है. उनके पास 1 करोड़ 66 लाख से ज्यादा संपत्ति मिली है. संपत्ति में एक मकान, फ्लैट, एक प्लॉट, कृषि भूमि और 16 लाख का सोना बरामद किया गया था. सभी संपत्ति परमार के परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज है.

आर्थिक अपराध शाखा की कारवाई के आधार पर ही ईडी ने परमार की संपत्ति अटैच की है. ईडी ने परमार के खिलाफ भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग की धारा में प्रकरण बनाया है.

## गरोठ पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**गरोठ.** मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर थाना गरोठ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वृद्ध व्यक्ति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान कर 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील एवं एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया. घटना 08-09 फरवरी की रात्रि की है, जब ग्राम बालोदा निवासी गणपतलाल पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर गंभीर रूप से घायल कर दिया.

# दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज होंगे कार्यक्रम

**भोपाल, 10 फरवरी. एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को पूरे प्रदेश में श्रद्धा भाव से मनाई जाएगी. भाजपा प्रदेश कार्यालय एवं लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा सहित प्रदेश के सभी बूथ स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**



इसके साथ ही प्रदेश भर के प्रत्येक बूथ पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सेवा कार्यों में भाग लेकर पं. उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा के पार्टी पदाधिकारी एवं जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रातः 9:30 बजे लालघाटी स्थित पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. इसके बाद, प्रातः 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे.

# रेल सुरक्षा को मजबूत करेगा 'चालक दल ऐप'

**भोपाल, 10 फरवरी. भारतीय रेलवे में सुरक्षित और सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में रनिंग स्टाफ के लिए गुणवत्तापूर्ण विश्राम एवं सुविधाजनक ठहराव को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है.**




इसी क्रम में रेलवे द्वारा रनिंग रूम से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए डिजिटल माध्यमों को सशक्त किया जा रहा है. रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित 'चालक दल ऐप' के माध्यम से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन प्रबंधक को रनिंग रूम से जुड़ी शिकायतें सीधे दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. यह व्यवस्था विभिन्न स्तरों पर निगरानी को सरल बनाते हुए शिकायतों के शीघ्र समाधान एवं प्रभावी अनुपालन में सहायक सिद्ध हो रही है. हालांकि, यह भी देखा गया है कि कुछ स्थानों पर रनिंग रूम की शिकायतें अभी भी केवल रजिस्टरों अथवा स्थानीय रूप से विकसित प्रणालियों में दर्ज की जा रही हैं, जिससे डिजिटल निगरानी प्रणाली में उनका समुचित प्रतिबिंब नहीं आ पा रहा है. रनिंग स्टाफ को 'चालक दल ऐप' के माध्यम से ही शिकायत दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

### ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान

> **भोपाल.** भोपाल रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक दस माह अप्रैल से जनवरी तक टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 5,19,949 मामलों से 33.19 करोड़ रुपये अर्जित किये. इसमें बिना टिकट के 2,56,509 मामले, अनुचित टिकट के 2,61,026 और 2414 बिना बुक गये सामान के मामले शामिल हैं. जबकि केवल जनवरी माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 21,628 मामले, अनुचित टिकट के 23,399 मामले एवं 349 बिना बुक गये सामान के मामले पकड़े गए. इससे भोपाल मंडल को केवल जनवरी माह में 45,376 मामलों से कुल 2.7 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ. इससे भोपाल रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई, जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है. वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से अपील की है कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो.

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**छिंदवाड़ा.** मासूम बालिका के साथ दुष्कृत्य करने के मामले में आज न्यायालय ने अपना फैसला सुनते हुए दुष्कर्मी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया है. घटना 25 जून 2025 के दोपहर करीब 12 बजे की बात है मासूम बालिका के पिता मजदूरी करने गये थे और मां घर में नहीं थी फिर जब मां वापस घर आयी तब मां ने देखा कि उसकी 4 साल की बेटी घर पर नहीं है तब मोहल्ले वालों ने बताया कि आरोपी दुर्गेश लड़की को डेम तरफ लेकर गया है तब बालिका की मां तुरंत डेम पहुंची वहा देखा कि लोगों की भीड़ लगी थी और बालिका बहुत रो रही थी. उसके साथ दुष्कर्म हुआ था.

# डेढ़ करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त

## एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**इंदौर, 10 फरवरी. नारकोटिक्स विंग की टीम ने अशोक नगर जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम कडराना में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. पुलिस ने मौके पर 1 किलो 250 ग्राम ठोस एमडी और 2 किलो 570 ग्राम तरल एमडी जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रहा है.**



डीएसपी संतोष हाड़ा ने बताया कि एमडी निर्माण में प्रयुक्त रसायन—डाई ईथाइल ईथर, मिथाइल अमीन, एसीटोन, सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनियम एल्युमिनियम क्लोराइड भी बरामद किए है. आरोपियों राघवेन्द्र सिंह और प्रियांशु जैन को गिरफ्तार किया, जिनसे एक पिस्टल भी जब्त की गई. कार्रवाई नारकोटिक्स महानिरीक्षक के निर्देशन में डीआईजी नारकोटिक्स द्वारा गठित टीम ने की, जिसमें डीएसपी, थाना प्रभारी भरत चावड़ा, राकेश चौधरी, वर सिंह खड़िया और एसआई अजय शर्मा समेत इंदौर व मंदसौर के नारकोटिक्स अधिकारी शामिल थे.

फाइलेरिया | एमडीए-2026 अभियान का किया वर्चुअल शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने

# 2027 तक देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने के प्रयास

**12** राज्यों के 124 जिलों में 2 सप्ताह तक चलेगा अभियान

**भोपाल 10 फ़रवरी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने 12 राज्यों के 124 जिलों के लिए 'मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान 2026' का नई दिल्ली से वर्चुअल शुभारंभ किया.**






उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अपील की कि वे प्रशासनिक और राजनीतिक नेतृत्व, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधियों और जिला परिषद सदस्य सहित सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास करें. उन्होंने कहा कि दवा का सेवन केवल वितरण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि दवा पूरी मात्रा में ली जाए. केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि भारत सरकार 2027 तक लसीका फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने राज्यों से अपील की कि वे अभियान के दौरान सभी आवश्यक संसाधनों और जागरूकता गतिविधियों को सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी और दवा का समय पर सेवन ही इस गंभीर रोग को समाप्त करने की कुंजी है. उन्होंने कहा कि यह अभियान लसीका फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति का अहम घटक है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित 12 राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों, विभागीय अधिकारियों ने वर्चुअल सहभागिता की.

> उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपील की है कि वे नागरिक स्वयं दवा का सेवन करें, अपने परिवार जन और पड़ोसियों को जागरूक करें और स्वयंसेवक के रूप में अभियान में सक्रिय सहयोग दें. उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अभियान की सफलता और मध्यप्रदेश को फाइलेरिया मुक्त राज्य बनाने में निर्णायक होगी. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया और कहा कि इस अभियान में सामुदायिक नेतृत्व और पंचायतों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रदेश में 8 जिलों के 12 चिन्हित विकासखण्डों में प्रशिक्षित दवा सेवकों के माध्यम से बूथ डे एवं घर-घर भ्रमण के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन समस्त पात्र हितग्राहियों को कराया जाएगा.

## पेज एक का शेष

# एमपी में अब परिवार पेंशन का बढ़ा दायरा

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका संबंधी प्रावधान किया गया है. केन्द्र तथा मप्र शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जायेगा. निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया है.

इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, गणना एवं विलंब की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण के साथ सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आने वाले शासकीय सेवकों के लिए उपदान की पात्रता निर्धारण एवं भुगतान की सुस्पष्ट प्रक्रिया होगी. विभागीय जांच (सेवा निवृत्ति उपरांत) आदेश के संदर्भ में उपदान से वसूली संभव होगी.

विभागीय जांच की अवधि में नियोक्ता के अंशदान का भुगतान रोका जाने का प्रावधान किया गया है. इसी तरह सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व अभिदाता अंशदान रोका जाना और सेवानिवृत्ति के बाद विभागीय जांच संस्थित किये जाने का प्रावधान के साथ नियमों में बदलाव का अधिकार राज्य सरकार के पास रहेगा.

### ये निर्णय भी लिए

- वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति.
- उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय के आई टी संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों को तकनीकी संवर्ग की प्रचलित और भावी भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सिर्फ एक बार के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की स्वीकृति प्रदान की गई. वर्तमान में अनारक्षित वर्ग के लिए 40 वर्ष और आरक्षित वर्ग के लिए 45 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14